Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 93 ▫ रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी, जवानों ने बीयर बोतल से बनी आईईडी को बरामद कर किया नष्ट



**जगदलपुर/बीजापुर,** 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा पहाड़ी में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ लगातार 7वें दिन भी जारी है. नक्सलियों के खिलाफ यह सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभियान में जवानों को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है। अब जवानों ने अभियान की गति बढ़ा दी ही। इस ऑपरेशन के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें जवान नक्सलियों के लगाए गए बियर बम को बरामद करते हुए नजर आ रहे हैं।

यह ऑपरेशन उसूर के घने जंगलों, खासकर कर्रेगुट्टा और दुर्गम राज गुट्टा क्षेत्रों में चल रहा है। इस अभियान में सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और ग्रेहाउंड फोर्स के हजारों जवानों की तैनाती की गई है। ऑपरेशन की निगरानी के लिए ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान की पूरी जानकारी सुरक्षाबलों तक पहुंचाई जा रही है। ऑपरेशन में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने नक्सलियों के लगाई बियर बम बरमाद करने के बाद नष्ट कर दिया। वीडियो में जवान बड़ी सावधानी से जमीन के अंदर से खोदकर निकालते हुए नजर आ रहे हैं।

बता दें कि उसूर थाना इलाक में लगातार 7वें दिन मुठभेड़ जारी है. सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि नक्सलियों पर हेलीकॉप्टर से बमबारी की जा रही है. इस ऑपरेशन में 10,000 से 12,000 जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर रखा है, जिसमें 1500 नक्सलियों के साथ बड़े कैडर के नक्सली नेता भी शामिल हैं. मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. जवानों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है, जिनमें से 3 के शव और हथियार बरामद किए गए हैं. सुरक्षा बल अब भी नक्सलियों को पूरी तरह से घेरने और उनका खात्मा करने की कोशिश कर रहे हैं. हेलीकॉप्टर से नक्सलियों पर लगातार गोलीबारी और बमबारी की जा रही है. इस ऑपरेशन को देश भर में सबसे बड़ा ऑपरेशन माना जा रहा है, जो लगातार 5 दिनों से जारी है और आज छठे दिन भी नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है.

## भारत सरकार ने बैन किए 16 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल, बीबीसी को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उकसाने वाली और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री फैलाने के आरोप में भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इन चैनलों के कुल 6.3 करोड़ सब्सक्राइबर थे। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की गई है।

**पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कार्रवाई जारी**

ब्लॉक किए गए चैनलों में पाकिस्तानी समाचार चैनल Dawn, Samaa TV, ARY News, Bol News, Raftar, Geo News और Suno News शामिल हैं। साथ ही पत्रकारों इर्शाद भट्टी, असमा शिराज़ी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। इसके अलावा The Pakistan Reference, Samaa Sports, Uzair Cricket और Razi Naama जैसे अन्य प्लेटफॉर्म भी इस सूची में हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक ये यूट्यूब चैनल भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठे, भ्रामक और उकसाऊ दुष्प्रचार कर रहे थे, खासकर पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और तनावपूर्ण हो गए थे। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी नागरिक की नृशंस हत्या कर दी गई थी। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने सिंधु जल संधि और पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएं भी निलंबित कर दी हैं। इसके जवाब में पाकिस्तान ने कहा है कि वह भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों, जिसमें शिमला समझौता भी शामिल है, को निलंबित करने का अधिकार रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस हमले में शामिल लोगों और उनके सरपरस्तों को ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने देशवासियों से वादा किया कि हर आतंकी और उनके मददगारों को खोजा जाएगा, पकड़ा जाएगा और दंडित किया जाएगा।सोमवार को भारत सरकार ने BBC की पहलगाम आतंकी हमले पर की गई रिपोर्टिंग पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। BBC ने अपनी एक रिपोर्ट में, जिसका शीर्षक था "Pakistan suspends visas for Indians after deadly Kashmir attack", इस आतंकी घटना को मिलिटेंट अटैक (उग्रवादी हमला) बताया। इस शब्दावली से नाराज होकर नरेंद्र मोदी सरकार ने BBC इंडिया की प्रमुख जैकी मार्टिन को औपचारिक पत्र लिखा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### फ्लाइट में महिला ने मचाया हंगामा, कपड़े उतारकर की गंदी हरकत, लोग हो गए हैरान-परेशान

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)। फिलाडेल्फिया से शिकागो जा रही साउथवेस्ट एयरलाइंस की फ्लाइट में शनिवार को एक महिला यात्री द्वारा की गई शर्मनाक हरकत ने हड़कंप मचा दिया। महिला ने विमान के बीच हवा में अपने कपड़े उतार दिए और अपनी सीट पर ही शौच कर दिया। यह घटना उन यात्रियों के लिए बेहद चौंकाने वाली थी जो उड़ान के दौरान शांति से यात्रा कर रहे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना साउथवेस्ट एयरलाइंस की फ्लाइट 418 में हुई, जब महिला ने बिना किसी चेतावनी के अपने कपड़े उतारकर सीट पर गंदगी कर दी। यह महिला फ्लाइट का हिस्सा नहीं थी, बल्कि एक सामान्य यात्री थी जो चौंकाने वाली हरकत के बाद विवाद का कारण बनी। बता दें कि इससे पहले पिछले साल जनवरी में भी एक 60 साल की महिला का प्लेन में उड़ान दौरान कपड़े उतार कर हंगामा करने का वीडियो वायरल हुआ था। घटना के बाद, एयरलाइंस को फ्लाइट को पूरी तरह से साफ करने के लिए कई घंटे की आवश्यकता पड़ी, जिसके कारण फ्लाइट की सर्विस ठप हो गई। इसी दौरान, साउथवेस्ट एयरलाइंस ने एक बयान जारी किया और यात्रियों से इस असुविधा के लिए माफी मांगी। एयरलाइंस ने कहा कि उनके लिए यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि है।

### कांग्रेस नेता ने दी हत्या की धमकी

**बिलासपुर,** 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कांग्रेस नेता अभय बरुआ के खिलाफ जमीन अपने नाम चढ़ाने के लिए बुजुर्ग को जान से मार देने की धमकी देने का अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इंदू चौक निवासी महेश चंद्र अग्रवाल ने 6 जून 2011 को जरहाभाठा में 3000 वर्गफीट जमीन अपनी बहू खुशबू अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत कराया था। फिलहाल इस जमीन पर महेश चंद्र अग्रवाल स्वयं काबिज हैं। बताया गया कि उनके प्लाट के ठीक बगल में अभय बरूआ, पिता सुरेश बरूआ के नाम पर जमीन दर्ज है। आरोपी अभय बरूआ की पत्नी तहसीलदार हैं, जबकि उसके पिता सुरेश बरूआ नगर निगम बिलासपुर में अधिकारी हैं। 25 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे अभय बरूआ पीड़ित बुजुर्ग के घर पहुंचा और जमीन बेचने के लिए दबाव बनाने लगा। जब महेश चंद्र अग्रवाल ने दस्तावेज पेश किए तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जमीन खाली करने का फरमान सुना दिया। जमीन नहीं छोड़ने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने भयभीत होकर घटना की शिकायत सिविल लाइन थाना में की । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




चूहा- सुनती हो, 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने हमले से पल्ला झाड़ लिया है।
चुहिया- हां जी, चोर थोड़े ही बोलेगा कि मैं चोरी किया हूं..!

## अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों को करेंगे बाहर : विजय शर्मा

**रायपुर,** 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ आज उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की अहम बैठक होने वाली है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर हो रही गृह विभाग की इस बैठक के संबंध में गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों के संबंध में चर्चा की जाएगी. छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों को बाहर किया जाएगा.



मुख्यमंत्री साय के साथ गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के बहुत से लोग संदेहास्पद तरीके से रह रहे हैं. उनकी पहचान कर उन्हें डिपोर्ट किया जाएगा. कुछ संदेही पकड़े भी गए हैं. वहीं विजिटर वीजा, लांग टर्म और मेडिकल वीजा पर पाकिस्तान से आए लोगों के संबंध में चर्चा करने के साथ, केंद्र सरकार के मार्गदर्शन से आगे क्या करना है, तय किया जाएगा.

गौरतलब है बीते 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक एक्शन लेते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं. इसके साथ ही उन्हें जल्द से जल्द देश छोड़ने का आदेश दिया गया है. भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा अब केवल 27 अप्रैल तक ही वैध रहेगा, जबकि मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है. भारत सरकार के आदेश के पर अब छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है. सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में करीब 2000 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, जिनमें से लगभग 1800 अकेले रायपुर में रहते हैं. इनमें अधिकांश सिंधी समुदाय से हैं. पुलिस द्वारा वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है. कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय सीमा से अधिक भारत में न रहे. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को जारी दीर्घकालिक वीजा रद्द नहीं किए जाएंगे और उन्हें देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी।

## पहले आर्मी चीफ से मुलाकात, फिर पीएम मोदी को रिपोर्ट करने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, डोभाल भी मौजूद



इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार सुबह पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर जानकारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर पहुंचे। यह उच्च स्तरीय बैठक सिंह द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है, जिसमें 22 अप्रैल को हुए हमले के जवाब में सेना के जवाबी उपायों पर चर्चा की गई थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। इससे पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार इलाके की स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोगों को यह भी भरोसा दिलाया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में सरकार लोगों के सर्वोत्तम हित में सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा कि यह एक बहुत ही दर्दनाक घटना है और प्रधानमंत्री मोदी ने इसका गंभीरता से संज्ञान लिया है। वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए हमले ने क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया है और सरकार इस घटना के बाद सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रक्षा मंत्रालय क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी समूहों से किसी भी अन्य खतरे का मुकाबला करने के लिए एक व्यापक प्रतिक्रिया योजना विकसित करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम कर रहा है। सिंह ने उधमपुर का भी दौरा किया, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों और नागरिकों से मुलाकात की। उनकी यात्रा ने जम्मू और कश्मीर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित किया। सरकार ने आतंकवादी संगठनों द्वारा उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए निर्णायक और मापा कार्रवाई करने की कसम खाई है और क्षेत्र में नागरिकों और आगंतुकों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

## युवा अब एमएनसी में नौकरी करने की जगह उद्यमी बनना कर रहे पसंद : संजय मल्होत्रा



**आरबीआई गर्वनर ने स्टार्टअप पर दिया जोर**

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्टार्टअप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत की युवा पीढ़ी की मानसिकता बदली है। अब युवा बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी की तलाश करने के बजाय उद्यमी बनना पसंद कर रहे हैं।

वॉशिंगटन डीसी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमेरिका-भारत सामरिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित अमेरिका-भारत आर्थिक मंच में अपने भाषण में गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि जब मैंने कॉलेज छोड़ा तो एमएनसी में नौकरी करना मेरा पसंदीदा विकल्प था। किसी ने भी अपना खुद का उद्यम शुरू करने के बारे में नहीं सोचा था। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन स्नातक उद्यमिता और स्टार्ट-अप की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता की इस बढ़ती संस्कृति ने भारत को एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बनाने में मदद की है। देश में लगभग 150,000 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप हैं, जिन्हें स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी सरकारी पहलों का समर्थन प्राप्त है। आरबीआई गर्वनर ने कहा कि भारत में अब दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न हैं, जिनमें से कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च तकनीक क्षेत्रों से उभर रहे हैं। भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया है। यह 2015 के 81वें स्थान से चढ़कर 2024 में 39वें स्थान पर आ गया है। निम्न-मध्यम आय वाले देशों में भारत अब पहले स्थान पर है।

## मिक्सर मशीन से कार की हुई टक्कर, सवार थे 10 लोग



**कोरबा,** 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले में एक तेज रफ्तार कार मिक्सर मशीन से टकरा गई। उमरेली सिवनी मुख्य मार्ग पर हुए हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। कार में 10 लोग सवार थे सभी एक ही परिवार के थे, शादी से लौट रहे थे। बाकी लोग घायल हुए है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ है। इसके साथ ही कार 7 सीटर थी लेकिन 10 लोग बैठे थे। वहीं, मिक्सर मशीन ट्रैक्टर से टोचन कर सिवनी की तरफ जा रही थी। घटना के बाद 112 और 108 को सूचना दी गई। सभी घायलों को चांपा स्थित अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, कार चांपा से कोरबा की ओर आ रही थी। इसी दौरान सामने से मिक्सर मशीन से टकरा गई। हादसे का कारण कार की तेज रफ्तार और चालक को आई झपकी बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार का एक पहिया उखड़कर सड़क से नीचे खेत में जा गिरा।

## धमतरी जिले में अप्रैल 2019 के पूर्व के 1 लाख 80 हजार वाहन है रजिस्टर्ड, मात्र 1122 वाहनों में लगा नया नम्बर प्लेट

**धमतरी,** 28 अप्रैल (हाईवे चैनल)। सरकार द्वारा वाहनों की सुरक्षा को पुख्ता और हाईटेक करने के उद्देश्य से अब पुरानी गाड़ियों पर भी हाई सिक्योरिटी नम्बर को अनिवार्य कर दिया है। 16 दिसम्बर 2024 से यह नियम लागू हो गया है। लेकिन इसका पालन जिले में अभी तक ठीक से नहीं हो रहा है। लोग धीरे-धीरे इस ओर रुचि दिखाने लगे है। लेकिन अभी भी जागरुकता कम है। वर्तमान में आरटीओ दफ्तर भोयना व कलेक्ट्रट में कैम्प लगाकर कंपनी द्वारा नया हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाये जा रहे है। 15 अप्रैल को नम्बर प्लेट लगाने की समय-सीमा सामाप्त हो गई है। वर्तमान में आरटीओ द्वारा बिना हाई सिक्योरिटी वाले नम्बर प्लेट वाले वाहनों की जांच की जा रही है। फिलहाल समझाईश दी जा रही है। इसके बाद भी नया नम्बर प्लेट नहीं लगाने पर कार्रवाई हो सकती है।




### ये होंगे हाई सिक्योरिटी नम्बर के फायदे

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के फायदों को देखते हुए इसे अब पुराने वाहनों में भी अनिवार्य किया गया है। बता दे कि यह नम्बर प्लेट एल्युमिनियम से तैयार होता है। प्लेट का बाई ओर के ऊपरी कोने पर क्रोमियम आधारित एक होलोग्राम होता है। जिसमें वाहन की सम्पूर्ण जानकारी होती है। इस नम्बर प्लेट में एक युनिक कोड होता है ऐसे में यदि वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट से वाहन मालिक सहित अन्य जानकारियां तत्काल उपलब्ध हो सकता है। वाहन चोरी के दौरान वाहन को ट्रेस कर पकड़ने में भी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट मद्दगार साबित होगा।

- **गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने लोगों में जागरुकता है कम**
- **आरटीओ दफ्तर भोयना व कलेक्ट्रट में कैम्प लगाकर कंपनी द्वारा लगाया जा रहा है हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट**

बता दे कि नियम के तहत अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों पर पुराने नम्बर प्लेट की जगह हाई सिक्योरिटी क्रोमियम नम्बर लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। अब तक मात्र कुछ हजार गाड़ियों में ही हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लग पाया है। जबकि जिले में लगभग सवा लाख ऐसे वाहन है जिनमें यह नम्बर प्लेट लगना है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है लोगो में इस ओर जागरुकता की कमी है और आरटीओ द्वारा भी इस ओर विशेष ध्यान नही दिया जा रहा है। नया नम्बर प्लेट रजिस्ट्रेशन करने वाले कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में अप्रैल 2019 से पहले की 1 लाख 80 हजार वाहन रजिस्टर्ड है जिनका नया रजिस्ट्रेशन होना है जिनमें से कई गाड़िया दुर्घटना ग्रस्त होकर या पुरानी होकर कबाड़ हो चुकी है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि लगभग सवा लाख गाड़ियां ही रनिंग कंडिशन में होगी। पिछले हप्ते के डाटा के अनुसार लगभग 6 हजार वाहनों के रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन आए थे। जिनमें से 1122 वाहनों का रजिस्ट्रेशन कर नया नम्बर प्लेट लगा दिया गया है। जबकि 890 वाहनों के मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं है।

बता दे कि जिले में आरटीओ में नम्बर प्लेट लगाया जा रहा है। दुपहिया में नम्बर प्लेट लगाने के लिए अलग चार्ज लिया जा रहा है। लोगों की माने तो कंपनी द्वारा नम्बर प्लेट लगाने लिया जा रहा चार्ज ज्यादा है। इससे आमजनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

**"शासन के नियमों के अनुसार अप्रैल 2019 के पूर्व वाले सभी वाहनों को हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य है। वर्तमान में वाहनों की जांच कर समझाईश दी जा रही है। आरटीओ दफ्तर भोयना व कलेक्ट्रेट में कैम्प लगाकर नम्बर प्लेट लगवाया जा रहा है।"**

**- एमए मुजाहिद**
**जिला परिवहन अधिकारी धमतरी**